कार्यालय सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, बांका
–सह–
पी0 आई0 ए0 WDC PMKSY-2.0, कृषि भवन परिसर, बाबुटोला, बांका।

सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, बांका –सह– पी0 आई0 ए0 WDC PMKSY-2.0 द्वारा केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना–जलछाजन विकास (WDC PMKSY-2.0) अन्तर्गत बांका जिले में **जलछाजन समिति के सचिव** पदों पर मासिक पारिश्रमिक के आधार पर चयन हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में आवेदन आंमत्रित किया जाता है। (उक्त तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं होगा)

1. आवेदन पत्र जमा करने की **तिथि :–05.07.2023 से 12.07.2023** तक
2. कॉउसलिंग की **तिथि :–17.07.2023 से 20.07.2023** तक
3. औपबंधिक मेधा सूची का **प्रकाशन :– दिनांक 24.07.2023**
4. दावा आपत्ति की **तिथि :–25.07.2023 से 27.07.2023** तक
5. अंतिम मेधा सूची का **प्रकाशन :–01.08.2023**
6. आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र कार्यालय सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, बॉका–सह–पी0 आई0 ए0 WDC PMKSY- 2.0, **कृषि भवन, परिसर बाबुटोला, बांका 813102** में कार्यालय अवधि में जमा कर सकते हैं या उक्त पते पर निबंधित डाक से भी भेज सकते हैं।
7. **जलछाजन समिति के सचिव के लिए अर्हता:–**
   a. सचिव चयन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता B.Com, B.Sc, B.A. उत्तीर्ण होगी। B.Com अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। अभ्यर्थी नहीं उपलब्ध होने पर I.Com/ I.Sc/ I.A उत्तीर्ण आवेदकों पर उसी क्रम में विचार किया जायेगा।
   b. चयन प्रक्रिया में किसी वर्ग विशेष को प्राथमिकता देय नहीं होगी।
   c. अभ्यर्थी को भारत का नागरिक होना अनिवार्य है।
   d. अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन की तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होगी।
   e. अभ्यर्थी को संबंधित जलछाजन पोषक क्षेत्र का स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा। इसके लिये सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र (छः माह के अन्दर निर्गत) एवं मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति जिसमें अभ्यर्थी का वार्ड संख्या, ग्राम एवं पंचायत का नाम अंकित हो, आवेदन के साथ जमा करना होगा।
   f. सभी तरह के जनप्रतिनिधियों के परिवार/रिश्तेदार के सदस्य इस पद के लिये अयोग्य होंगे। (रिश्तेदार का अर्थ है–माँ, पिता, पत्नी, पुत्र, बहू, सहोदर भाई एवं उनका परिवार, बहन, पुत्री तथा इसके साथ महिला जनप्रतिनिधि के मामले में उनके पति, पुत्र पुत्री, बहू सास, ससुर, पति के सहोदर भाई का परिवार)
   g. संबंधित जिले में पदस्थापित सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवकों के परिवार के सदस्यों/रिश्तेदारों का चयन जलछाजन समिति के सचिव के रूप में नहीं किया जाएगा। (रिश्तेदार/परिवार से अर्थ है– माँ, पिता, पत्नी, पुत्र, बहू, भाई, बहन, पुत्री)
   h. विभिन्न सरकारी सामग्रियों के विक्रेताओं (जैसे–जन वितरण प्रणाली विक्रेता, घुमन्तु किरासन तेल के विक्रेता पैक्स आदि) एवं उनके परिवार /रिश्तेदार इस पद के लिये अयोग्य होंगे। (रिश्तेदार/परिवार से अर्थ है– माँ, पिता, पत्नी, पुत्र बहू, भाई, बहन, पुत्री)
   i. चयन का आधार पंचायत के परियोजना क्षेत्र में आयोजित ग्राम सभा में सचिव के मेधा सूची पर विमर्श एवं अनुमोदन प्राप्त कर सचिव के चयन प्रक्रिया को अन्तिम रूप दी जायेगी। चयनित सचिव को मो0 5,000/- (पाँच हजार) रूपये मात्र मासिक पारिश्रमिक का भुगतान किया जायेगा।

आवेदन का विहित प्रपत्र एवं सचिव चयन एवं जलछाजन समिति के सदस्यों का चयन संबंधित अर्हता एवं मार्गदर्शिका **कार्यालय सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, कृषि भवन परिसर बाबुटोला, बांका** से प्राप्त किया जा सकता है। कॉउसलिंग कार्यालय में की जायेगी एवं मेधा सूची का प्रकाशन कार्यालय के सूचनापट् पर किया जायेगा।

जलछाजन समिति के सदस्यों के चयन हेतु एवं सचिव के पद हेतु तैयार किये गये मेधा सूची का ग्राम सभा द्वारा अनुमोदन के लिए पंचायतवार ग्राम सभा की तिथि निम्नवत है :–

क्र० सं०	प्रोजेक्ट का नाम	प्रखण्ड का नाम	पंचायत का नाम	जलछाजन समिति का नाम	पोषक क्षेत्र के ग्राम	सचिव पद की सं०	ग्राम सभा का स्थल	ग्राम सभा की तिथि/समय
1	Banka WDC I/2021-22	कटोरिया	जयपुर	जलछाजन समिति, जयपुर	बंधा	1	पंचायत भवन/सामुदायिक भवन	02-08-2023 को 11:00 AM
2	Banka WDC II/2021-22	कटोरिया	भोरसार, भेलवा	जलछाजन समिति, भोरसार भेलवा	वारमोह,नारदा, वालाडीह,अम्वातरी, चलकवाडीह,हीरना	1	पंचायत भवन/सामुदायिक भवन	03-08-2023 को 11:00 AM
3	Banka WDC II/2021-22	हडहार	हडहार	जलछाजन समिति, हडहार	वेलौनी,डुमरहार सठयारी,मकना	1	पंचायत भवन/सामुदायिक भवन	04-08-2023 को 11:00 AM
4	Banka WDC III/2021-22	बिरनियॉ	बिरनियॉ	जलछाजन समिति, बिरनियॉ	गोपडीह,पलार, बांक,बिरनियॉ, डुमरकोला	1	पंचायत भवन/सामुदायिक भवन	05-08-2023 को 11:00 AM

26.6.23

जिला पदाधिकारी–सह–
अध्यक्ष, जिला जलछाजन समिति बांका